यूपीएससी : रसनीत को 51वीं व सुनावरदीप को 76वीं रैंक मिली

राजपुरा की रसनीत कौर व फरीदकोट के सुनावरदीप सिंह ने अपनी उपलब्धि का जश्न मनाया

रसनीत कौर को सम्मानित करते स्कॉलर्ज स्कूल के प्रबंधक। संवाद

फरीदकोट। फरीदकोट के युवक सुनावरदीप सिंह ने ऑल इंडिया में 76वां रैंक हासिल कर अपने माता-पिता, फरीदकोट समेत पंजाब का नाम रोशन किया है।

सुनावरदीप सिंह ने फरीदकोट समेत किया पंजाब का नाम रोशन

उनकी इस उपलब्धि से परिवार व इलाके में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई फरीदकोट के दशमेश पब्लिक स्कूल से की। इसके बाद पुणे से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने पंजाब पीसीएस परीक्षा पास कर कोऑपरेटिव सोसाइटी में इंस्पेक्टर की नौकरी हासिल कर ली थी। नौकरी करते हुए भी अपने लक्ष्य यूपीएससी को हासिल करने के लिए मेहनत जारी रखी व तीसरे प्रयास में परीक्षा पास करके 76वां स्थान प्राप्त किया। संवाद

राजपुरा। स्कॉलर्ज पब्लिक स्कूल, राजपुरा की पूर्व छात्रा रसनीत कौर ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में अखिल भारतीय रैंक 51 हासिल की।

रसनीत ने बीएससी पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से कैमिस्ट्री (ऑनर्स) में पढ़ाई की और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन जारी रखा। स्कॉलर्ज स्कूल ने उन्हें सफलता पाने पर सम्मानित किया।

यूपीएससी पास सिख छात्रों को 1-1 लाख रुपये देगी एसजीपीसी

अमृतसर। एसजीपीसी अध्यक्ष एचएस धामी ने यूपीएससी परीक्षा पास करके हायर एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज के लिए चुने गए सिख स्टूडेंट्स को बधाई दी है। उन्होंने एलान किया कि एसजीपीसी इन स्टूडेंट्स 1-1 लाख रुपये देकर सम्मानित करेगी। संवाद

मजबूत इरादे हों तो मंजिल दूर नहीं : संधवां

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा पंजाब की बेटियों और बेटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उन्होंने कहा कि पटियाला की सिमरनदीप कौर, रसनीत कौर, बलाचौर की कृतिका चौधरी, मानसा से मनप्रीत कौर व अकृति सिंगला जैसे हीरे ने पूरे देश में पंजाब का नाम चमकाया है। फरीदकोट निवासी डॉ. कुलदीप सिंह (डायरेक्टर, पीएयू, फरीदकोट) के पुत्र सुनवरदीप सिंह ने यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवाओं परीक्षा में 76वीं रैंक प्राप्त की है। ब्यूरो

फॉर्च्यूनर ने दादी-पोती को कुचला, मौत

जालंधर। जालंधर के बस्ती पीरदाद रोड पर शुक्रवार देर रात एक फॉर्च्यूनर ने ई-रिक्शा में जा रही दादी और पोती को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के समय परिवार घर लौट रहा था।

पुलिस कार चालक गुरसेर प्रताप गिल को गिरफ्तार कर थाने ले गई। मृतक के परिजन का आरोप है कि आरोपी नशे में था और मेडिकल कराने में पुलिस देर कर रही थी। इस पर पुलिस स्टेशन के बाहर परिवार ने हंगामा किया। संवाद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं!

फरीदकोट : बकरी चोरी करने से रोकने पर बुजुर्ग की हत्या

आरोपियों की शिनाख्त के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

फरीदकोट। हरगोविंदपुर बस्ती में बकरी चोरी का विरोध करने पर एक बुजुर्ग चरवाहे की तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मेजर सिंह के रूप में हुई। इस संबंध में थाना सिटी 2 की पुलिस ने मेजर सिंह के बेटे कंवरप्रीत सिंह के बयान पर 2 अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

कंवरप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे उसके पिता मेजर सिंह घर के बाहर ही अपनी बकरियां चरा रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और बकरियां चोरी करने की कोशिश करने लगे। जब उसके पिता ने इसका विरोध किया तो दोनों ने उन पर हमला कर दिया।

हैप्पी सरपंच हत्याकांड में चार नामजद, दो आरोपी दबोचे

मोगा। बाघपुरानाम में हैप्पी सरपंच हत्याकांड में पुलिस ने मृतक के परिवार के बयान के आधार पर चार आरोपियों को नामजद और 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पंजाब पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस ने मामले में मनप्रीत सिंह उर्फ बबलू, जोबनप्रीत सिंह, जसवंत सिंह और जसकरण सिंह उर्फ जासु समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज है। पुलिस ने परिवार को आश्वासन दिया है कि सोमवार तक बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिवार ने मांग की है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही सरपंच का अंतिम संस्कार किया जाएगा। हैप्पी की शुक्रवार को फॉर्च्यूनर गाड़ी सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। संवाद

युवक ने घर में लगाई आग, महिला व बच्चों ने भागकर बचाई जान

लुधियाना। न्यू माधोपुरी इलाके में एक सिरफिरे की पुरानी रंजिश ने एक परिवार को मौत के मुहाने पर ला दिया। 5 मार्च की रात करीब 3 बजे आरोपी राम शब्द ने किराए के मकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई। गनीमत रही कि महिला कंचन की नींद खुल गई और वह अपने बच्चों के साथ पिछले दरवाजे से बाहर निकल गई

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी हाथ में पेट्रोल की बाल्टी लेकर घर की ओर जाता और आग लगाते समय खुद झुलसते हुए भागता दिखा। शोर सुनकर लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी। आरोपी के गंभीर जलने के कारण उसे निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। संवाद

किशोरी ने बच्चे को दिया जन्म सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

लुधियाना। मेहरबान इलाके में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। इस मामले में पुलिस ने दीपक बिल्डिंग मटीरियल स्टोर के मालिक दीपक सोनू और उसके दोस्त बब्बन के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।

घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़ित लड़की को दर्द हुआ और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार के पूछने पर लड़की ने बताया कि दीपक बिल्डिंग मटीरियल स्टोर के मालिक दीपक सोनू और उसके दोस्त बब्बन ने उसके साथ दुकान में ही सामूहिक दुष्कर्म किया।

उसे लगातार धमकियां दी जा रही थी कि वह किसी को न बताए। इसके बाद परिवार वालों ने शिकायत थाना मेहरबान पुलिस को दी। पुलिस ने दीपक सोनी और उसके दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में पीड़िता की मां ने बताया कि 5 मार्च को उनकी बेटी की कमर में तेज दर्द शुरू हुआ था। वे उसे जोधेवाल बस्ती स्थित अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे दर्द की दवा दे दी। शाम को नाबालिग ने एक लड़के को जन्म दिया।

जब उसने बेटी से पूछा तो उसने आपबीती बताई। पीड़िता ने बताया कि वह खासिया रोड स्थित दीपक बिल्डिंग मटीरियल की दुकान पर पिछले करीब डेढ़ साल से काम कर रही थी। दुकान के मालिक दीपक सोनी और उसके दोस्त बब्बन ठुकार ने उसे डरा-धमकाकर कई बार दुकान के अंदर दुष्कर्म किया। थाना मेहरबान के एएसआई सुखबेग सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। संवाद

पंजाब भारी कर्ज के बोझ तले दबा : सुनील जाखड़

लुधियाना। पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब के लोग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

वे 14 मार्च को मोगा में रैली को संबोधित करेंगे। उक्त बातें जाखड़ ने रैली की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद कहीं।

जाखड़ ने कहा इस समय पंजाब की स्थिति बेहद गंभीर है। आर्थिक रूप से राज्य भारी कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। ऐसे हालात में लोग उम्मीद व विश्वास के साथ भाजपा की ओर देख रहे हैं। लोग मानते हैं भाजपा का मजबूत नेतृत्व ही राज्य को इस कठिन दौर से बाहर निकाल सकता है। उन्होंने कहा पंजाब में मौजूदा आप की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। आप और कांग्रेस का गठबंधन अब स्पष्ट हो चुका है, इसलिए जब राहुल गांधी पंजाब आए तो उन्होंने आप सरकार के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा।

जाखड़ ने कहा सरकार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बजट पेश कर महिलाओं का सम्मान करने का दावा कर रही है। सरकार को महिलाओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता खासकर पिछले 48 महीनों के 48,000 प्रति महिला के बकाया का हिसाब देना चाहिए। पंजाब विधानसभा सत्र पर टिप्पणी करते हुए जाखड़ ने विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा से सवाल किया कि क्या वे विधानसभा में पीआरटीसी बसों को आप के रंग में रंगने के लिए जयपुर भेजने के मुद्दे को उठाने की हिम्मत दिखाएंगे। संवाद

शहरों में अकाली दल की चुनौती, सुखबीर ने बनाई नई रणनीति

सुरिंदर पाल

जालंधर। पंजाब की राजनीति में कभी दबदबा रखने वाला शिरोमणि अकाली दल (शिअद) आज अपने अस्तित्व की सबसे बड़ी चुनौती से जूझ रहा है।

पार्टी के सामने शहरी इलाकों में सिमटते जनाधार को बचाने और पुरानी पकड़ मजबूत करने की मुश्किल चुनौती है।

राज्य की करीब 45 विधानसभा सीटों पर शहरी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन पिछले चुनावी नतीजे बताते हैं कि इन क्षेत्रों में अकाली दल का प्रभाव लगातार घटा है। इसी को देखते हुए पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शहरों को फोकस करते हुए एक नई राजनीतिक रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है।

एक समय में शिअद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठबंधन पंजाब का सबसे सफल राजनीतिक समीकरण माना जाता था। अकाली दल की मजबूत पकड़ ग्रामीण और सिख बहुल इलाकों में थी, जबकि भाजपा का वर्चस्व शहरी क्षेत्रों और व्यापारी वर्ग में था। इसी तालमेल के दम पर 1997, 2007 और 2012 में संयुक्त सरकारें बनीं। गठबंधन के दौरान शहरों में भाजपा का समर्थन अकाली दल को भी स्वाभाविक रूप से मिलता था। लेकिन 2020 में यह तीन दशक पुराना गठबंधन टूट गया, जिसके बाद शहरों के समीकरण पूरी तरह बदल गए। भाजपा ने शहरी क्षेत्रों में अपनी अलग जमीन तलाशनी शुरू की, वहीं अकाली दल का प्रभाव इन इलाकों में तेजी से घटता चला गया। इस बदलाव का खामियाजा 2022 के विधानसभा चुनाव में साफ दिखा, जब अकाली दल महज तीन सीटों पर सिमट गया और उसका वोट प्रतिशत करीब 18 फीसदी पर आ गया, जो पिछले चुनावों की तुलना में काफी कम था।

शिअद अब नगर निगम क्षेत्रों, व्यापारी संगठनों, युवाओं और पेशेवर वर्ग के बीच सक्रियता बढ़ाने की योजना बना रहा है।

कंपनी के कारिंदे से पौने तीन लाख रुपये लूटे

:कपूरथला। फाइनांस कंपनी के कारिंदे से हथियार के दम पर पौने तीन लाख रुपये लूट लिए गए। 5 मार्च की रात आठ बजे गांव जब्बोवाल के पास लुटेरों ने कारिंदे को बाइक समेत गिरा दिया। इसके बाद पैसों से भरा बैग छीन ले गए। पुलिस को मामले की शिकायत दे दी गई है। संवाद

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

PROJECT IMPLEMENTATION UNIT (PIU)-USDMA
Uttarakhand Disaster Preparedness & Resilience Project (U-PREPARE)
5TH Floor, USDMA Building, 36, IT Park, Sahastradhara Road, DEHRADUN
Website: www.u-prepare.com, E-Mail procurement.uprepare@gmail.com

Ref. No.:269/A-25/RFB/SEOC/PIU-USDMA/U-PREPARE/2025-26 Date: 07/03/2026

NOTICE INVITING TENDER

The Government of India has received financing from the World Bank towards the cost of the UPREPARE and intends to apply part of the proceeds for following package of works. A complete set of bidding documents in English may be downloaded by interested eligible bidders from the website https://uktenders.gov.in which will be available from 11/03/2026.

S. No	Package No.	Name of Package	Method of Procurement
1	03/RFB/INTERIOR/ U-PREPARE/2025	Execution of Interior Work in SEOC and Conference Halls at USDMA Building, IT Park, Dehradun	Request for Bid (RFB)

Note:- 1. The corrigendum for the above packages will be uploaded on website www.uktenders.gov.in & www.u-prepare.com
2. Email id procurement.uprepare@gmail.com may be contacted for any information related to the quotations.

Program Director

पंजाब नैशनल बैंक ...घरांच का इरादा ! | **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, चंडीगढ़,
प्रथम तल, एससीओ 60-61, बैंक स्क्वेयर, सेक्टर 17-बी,
चंडीगढ़- 160017 ईमेल : cs8214@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनः निर्माण तथा प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता विशेष रूप से ऋणकर्ता(ओं), एवं गारंटर(ओं) को एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति ऋणदाता को रहन/प्रभारित निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का निर्माणात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा जोकि, बैंक/प्रतिभूति ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को सम्बन्धित ऋणकताओं व गारंटरों से बैंक/प्रतिभूति ऋणदाता को देय इसकी बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न तालिका में निर्दिष्ट अनुसार तिथियों पर ''जैसे है जहां है'' ''जैसे है जो है'' एवं ''जो कुछ भी वहां है'' के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित कीमत एवं जमा धरोहर राशि सम्बन्धित संपत्तियों के प्रति निम्न तालिका में निर्दिष्टानुसार होगी।

प्रतिभूति परिसंपत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणकर्ता/गारंटरों का नाम एवं पता	अचल रेहन रखी संपत्ति का ब्यौरा एवं स्वामी(यों)/ रेहनकर्ता का नाम	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि बी) बकाया राशि सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13 (4) के तहत कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/ भौतिक/ निर्माणात्मक	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
1.	शाखा : एआरएमबी, सैक्टर 17-बी, चंडीगढ़ मैसर्स जय साला सुंदरी ग्राम उद्योग, श्री रोहन पीओ: मुस्तफाबाद, उप-तहसील: मुस्तफाबाद तह.-जगाधरी, जिला - यमुनानगर. 1.श्री राजीव कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री राम गोपाल गुप्ता (मालिक और सत्यवती के कानूनी उत्तराधिकारी) पता: वी एंड पोस्ट आफिस: मुस्तफाबाद, उप-तहसील: मुस्तफाबाद, तहसील जगाधरी, जिला: यमुना नगर के 2) श्री शशि भूषण पुत्र स्वर्गीय श्री राम गोपाल गुप्ता (स्टाट और सत्यवती के कानूनी उत्तराधिकारी) पता: वी एंड पोस्ट आफिस: मुस्तफाबाद, उप-तहसील: मुस्तफाबाद, तहसील जगाधरी, जिला: यमुना नगर के 3) श्रीमती पूनम पुत्री स्वर्गीय श्री राम गोपाल गुप्त (सत्यवती के कानूनी उत्तराधिकारी), पत्नी श्री अश्वनी कुमार बंसल पुत्र श्री मुरारी लाल वार्ड क्रमांक 10, मोहल्ला चौधरियन, विवेकानंद चौक के पास, गौंक- कुरुक्षे, जिला: मोहाली (पंजाब) पिन कोड-140103 पता: वी और पोस्ट आफिस: मुस्तफाबाद, उप-तहसील-मुस्तफाबाद, तह.: जगाधरी, जिला: यमुना नगर। 4) श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी स्वर्गीय श्री बृज भूषण (सत्यवती के कानूनी उत्तराधिकारी), पता: वी और पोस्ट आफिस: मुस्तफाबाद उप-तहसील: मुस्तफाबाद, तहसील.. जगाधरी, जिला: यमुना नगर। 5) श्री अंकित मित्तल पुत्र स्वर्गीय श्री बृज भूषण (सत्यवती के कानूनी उत्तराधिकारी), पता: वी और पोस्ट आफिस: मुस्तफाबाद उप-तहसील: मुस्तफाबाद, तहसील.. जगाधरी, जिला: यमुना नगर। 6) श्री पंकज गुप्ता पुत्र स्व. श्री बृज भूषण (सत्यवती के कानूनी वारिस) पता: वी एंड पोस्ट आफिस.. मुस्तफाबाद, उप-तहसील मुस्तफाबाद, तहसील. जगाधरी, जिला: यमुना नगर। 7) श्रीमती शिखा पुत्री स्व. श्री बृज भूषण (सत्यवती के कानूनी वारिस), पत्नी श्री नवीन गर्ग, पता: गली नंबर 8, शक्ति नगर, गणि मालरा, चंडीगढ़।	श्री शशि भूषण जो प्लॉट नंबर 10 के मालिक हैं, की भूमि का वह सारा हिस्सा और पार्सल , जिसका माप 20K-9-1/2 मरला है, जो 09K-14M भूमि में से 283/5869 हिस्से है, जिसमें खेवट नंबर 803/781, खतौनी नंबर 888, खसरा नंबर 20//22/2 (0-1), 34//2/1/2 (4-13), 9/2 (5-0) शामिल हैं, जो मुस्तफाबाद गौंव में स्थित है, एच. बी. नंबर 444, जिसे अब बसंत विहार कॉलोनी, मुस्तफाबाद उप-तहसील मुस्तफाबाद, तहसील जगाधरी जिला: यमुना नगर के रूप में जाना जाता है, वर्ष 2017-18 की जमाबंदी के अनुसार, उपखिवाँन संख्या 2814 के साथ पढ़ा जाए, विक्रय विलेख संख्या 1855, दिनांक 24.01.2005 के माध्यम से खरीदा गया, जिसका नाम और सीमाएँ निम्नानुसार हैं: उत्तर- 44' गली 21'-6' चौड़ी, दक्षिण- श्री ऋषिपाल की गली 44', पूर्व- 55' प्लॉट संख्या 9, नरेश कुमार द्वारा खरीदा गया; पश्चिम- 58' प्लॉट संख्या 11, शकुन गर्ग द्वारा खरीदा गया। नोट: उपर्युक्त संपत्तियां श्री राजीव कुमार, श्री शशि भूषण पुत्र श्री राम गोपाल और श्रीमती सत्यवती पत्नी श्री राम गोपाल के स्वामित्व और कब्जे में थीं। श्रीमती सत्यवती का देहांत 29.04.2010 को हो गया था और उनकी मृत्यु के बाद श्रीमती सत्यवती की संपत्ति उनके कानूनी वारिसों, पुत्रों श्री राजीव और श्री शशि भूषण, पोते श्री पंकज गुप्ता और श्री अंकित मित्तल, पोती श्रीमती शिखा, पोती श्रीमती संतोष कुमारी और पुत्री श्रीमती पूनम को उनके हिस्से के अनुसार म्यूटेशन संख्या 5781 के अनुसार विरासत में मिली है और उनके नाम वर्ष 2017-18 और 2023 की जमाबंदी में भी शामिल किए गए हैं।	A) 07.12.2015. B) Rs. 41,97,199.94 (केवल इकतालीस लाख सत्तानवे हजार एक सौ निन्यानवे रुपये एवं चौरानवे पैसे) 01.7.2015 से भावी ब्याज तथा प्रभार वसूली यदि है को घटाकर संपूर्ण भुगतान तक C) 21.07.2016 D) सांकेतिक कब्जा	Rs. 16,87,000/- / Rs. 1,68,700/- / Rs. 30,000/-	27.03.2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे

नोट : सभी अचल संपत्ति हेतु संपर्क व्यक्ति : पंजाब नैशनल बैंक, प्राधिकृत अधिकारी श्रीमती सुष्मा सुथार, एआरएमबी, चंडीगढ़, मोबाईल नं. : 9825262328, खाते का विवरण जिसमें ऐप्सटी के बाद शेष राशि पंजाब नैशनल बैंक एआरएमबी चंडीगढ़ खाता सं. B214000317118A; अर्थएफएमसी कोड : PUNB0821400. में आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा जमा कराई जाएगी

ई-नीलामी बिक्री की नियम एवं शर्तें : बिक्री निम्न अतिरिक्त शर्तों एवं प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों के विषय में होगी:-
(1) सम्पत्ति की बिक्री ''जैसे है जहां है आधार'' ''जैसे है जो है आधार'' एवं ''जो कुछ भी है जहां है आधार'' पर की जाएगी।
(2) उपरोक्त विहित अनुसूची में निर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी अनुसार निर्दिष्ट किया गया है, परन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु जिम्मेवार नहीं होगा।
(3) नीलामी बिक्री को वेबसाईट https://baanknet.com. पर प्रत्याभरित ''ई-नीलामी के माध्यम से ऑनलाईन'' की जाएगी।
(4) बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in. पर जाएं।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत 15 दिन की सांविधिक सूचना

दिनांक : 07.03.2026 | प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान : चंडीगढ़ | पंजाब नैशनल बैंक, एआरएमबी, चंडीगढ़

pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon !

परिसंपत्ति वसूली प्रबंधन शाखा (एआरएमबी)
एससीओ 60-61, प्रथम तल, बैंक स्क्वेयर, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017 ईमेल : cs8214@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात ऋणभार की जानकारी : ज्ञात नहीं

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनः निर्माण तथा प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता विशेष रूप से ऋणकर्ता(ओं), रहनकार(ओं) एवं गारंटर(ओं) को एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति ऋणदाता को रहन/बंधक/प्रभारित निम्न वर्णित चल/अचल संपत्तियों का निर्माणात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा जोकि, बैंक/प्रतिभूति ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को सम्बन्धित ऋणकताओं और गारंटरों से बैंक/प्रतिभूति ऋणदाता को देय इसकी बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न तालिका में निर्दिष्ट अनुसार तिथियों पर ''जैसे है जहां है''''जैसे है जो है'' एवं ''जो कुछ भी वहां है'' के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित कीमत एवं जमा धरोहर राशि सम्बंधित संपत्तियों के प्रति निम्न तालिका में निर्दिष्टानुसार होगी।

प्रतिभूति आस्तियों की बिक्री की अनुसूची

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणकर्ता/गारंटरों का नाम एवं पता	संपत्ति/यों के मालिक (ओं)/ रहनकर्ता (ओं) का नाम	अचल रेहन रखी संपत्ति/यों का ब्यौरा एवं स्वामी (यों)/ रेहनकर्ता का नाम	मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि / कब्जे की तिथि / कब्जे की प्रकृति	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) / संवृद्धि बोली राशि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
1.	शाखा : एआरएमबी, सैक्टर-17बी, चंडीगढ़ मैसर्स एस.के. इंडस्ट्रीज समीप बड़ा गुरुद्वारा शांति कलोनी हनुमान नेट, जगाधरी, हरियाणा श्री संजीव कुमार पुत्र राजबीर सिंह (फोन : 9896202222) (प्रोप. मैसर्स एस.के इंडस्ट्रीज) गांव मंदेवर (Mandebar) पोओ औरंगाबाद जिला यमुनानगर, हरियाणा	श्री संजीव कुमार पुत्र श्री राजबीर सिंह	सर्व 2013-14 हेतु जगाबंदी एवं सब रजिस्ट्रार कार्यालय जगाधरी में विधिवत पंजीकृत ट्रांसफर डीड सं. 5184 दिनांक 04.09.2017 द्वारा पंजीकृत श्री संजीव कुमार पुत्र श्री राजबीर सिंह द्वारा स्वामित्व में मौजा जामपुर एचबी सं. 472 जगाधरी में खेवट सं. 5 खतौनी सं 5 खसरा सं. 258 में 01 बीघा 08 बिस्वा माप की सम्पत्ति आईडी सं. 341C561U206B धारक भूमि का प्लॉट वर्ष 2023-2024 हेतु जगाबंदी के अनुसार सम्पत्ति के खेवट एवं खतौनी सं. क्रमशः : 2//2 एवं 2 हैं। यह सम्पत्ति, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय, जगाधरी में विधिवत पंजीकृत रहन विलेख सं. 840 दिनांक 15.5.2018 द्वारा पंजाब नैशनल बैंक के पास रहन रखी गई है।	06.09.2021 RP: Rs. 23,74,192.36 क्र. साथ 01.04.2021 से भावी ब्याज जमा मिले भूतो खर्चे बसूली यदि है तो घटाकर, पूर्ण भुगतान तक 05.03.2022 सांकेतिक कब्जा	RP: Rs. 39,57,600/- EMD: Rs. 3,95,760/- संवृद्धि बोली राशि Rs. 50,000/-	27.03.2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 4.00 बजे

नोट : सभी अचल संपत्ति हेतु संपर्क व्यक्ति : पंजाब नैशनल बैंक, प्राधिकृत अधिकारी श्रीमती सुष्मा सुथार, एआरएमबी, चंडीगढ़, मोबाईल नं. : 9825262328

ई-नीलामी बिक्री की नियम एवं शर्तें :-
बिक्री निम्न अतिरिक्त शर्तों एवं प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों के विषय में होगी:-
(1) सम्पत्ति की बिक्री ''जैसे है जहां है आधार'' ''जैसे है जो है आधार'' एवं ''जो कुछ भी है जहां है आधार'' पर की जाएगी।
(2) उपरोक्त विहित अनुसूची में निर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी अनुसार निर्दिष्ट किया गया है, परन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु जिम्मेवार नहीं होगा।
(3) नीलामी बिक्री ई-ऑक्शन पोर्टल https://baanknet.com. द्वारा ऑनलाईन की जाएगी।
(4) बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in. पर जाएं।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत 30 दिन की सांविधिक बिक्री सूचना

दिनांक : 03.03.2026 | प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान : चंडीगढ़ | पंजाब नैशनल बैंक, एआरएमबी, चंडीगढ़

Scanned with CamSca